# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों–मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां में होने वाले उप चुनाव की तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संजीव कुमार प्रसाद ने इस सम्बन्ध में आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान अब तेरह नवम्बर की बजाय बीस नवम्बर को होगा। मतगणना की तिथि पहले से घोषित तेइस नवम्बर ही रहेगी।

**********

सरकार ने प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुयी प्रदेश कैबिनेट की बैठक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और फार्चुन पांच सौ कम्पनियों के निवेश के लिये प्रोत्साहन नीति दो हजार तेइस में संशोधन को मंजूरी दे दी गयी। इसके माध्यम से अब ऐसी विदेशी कम्पनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी, जो इक्विटी के साथ लोन या किसी अन्य स्रोत से धनराशि की व्यवस्था करती हैं। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि संशोधन के बाद अब इस नीति को फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट एण्ड फॉर्चुन ग्लोबल फाइव हंड्रेड एण्ड फॉर्चुन इण्डिया फाइव हंड्रेड इन्वेंस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी कहा जायेगा।

**********

प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने आज उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनेफिट्स रूल्स उन्नीस सौ इकसठ में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए या सेवानिवृत्ति के बाद ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किये बिना हो जाती है और उसने किसी को नामिनी नहीं बनाया है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो।

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य में पशुपालन और परा–पशुचिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के लिये नीति तैयार करने का फैसला लिया है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि इस नई नीति के तहत प्रदेश में निजी और सरकारी संस्थानों में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नीति तैयार करने के लिये पशुधन विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।

**********

लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ पर चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत कल नहाय खाय के साथ होगी। इस महापर्व पर छठ मैया और सूर्यदेव की पूजा होती है। छठ को लेकर पूर्वांचल के जिलों में बाजारों में चहल–पहल और पूजा घाटों पर तैयारियां देखते ही बन रही हैं। छठ पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। वाराणसी में आज जिलाधिकारी एस राजलिंगम और अपर पुलिस कमिश्नर एस चिनप्पा ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा और सुविधाओं की जानकारी ली।

**********

छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा के लिए भारतीय रेलवे देश के विभिन्न स्टेशनों के बीच एक सौ पचासी विशेष रेलगाडियों का संचालन कर रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से छत्तीस विशेष गाड़ियां चलायी जा रही हैं।

**********

नदियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले गंगा महोत्सव के अवसर पर आज मऊ जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति और सामाजिक वानिकी प्रभाग, मऊ के तत्वावधान में तमसा नदी के किनारे कार्यक्रमों की शुरुआत गंगा आरती से हुई। इस अवसर पर सांस्कृतिक मार्च, स्वच्छ नदी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**********

वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध भगवान श्रीकृष्ण की नाग नथैया लीला कल शाम तुलसी घाट पर होगी। इस लीला को देखने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा शुरू की गयी इस लीला की परम्परा करीब पांच सौ वर्षों से चली आ रही है।

**********

लखीमपुर जिले में स्थित दुधवा नेशनल पार्क इस बार पन्द्रह नवम्बर से पहले छः नवम्बर को ही खोला जा रहा है। दुधवा नेशनल पार्क के उपनिदेशक रंगाराजू टी ने बताया कि छः नवम्बर को पूजन के बाद सैलानियों के वाहनों को जंगल में प्रवेश दिया जायेगा। पहले दिन का प्रवेश निःशुल्क होगा।

**********

चौदह वर्ष से कम उम्र के बालक–बालिकाओं की अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता सोलह से बीस नवम्बर तक वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित होगी। इसमें देश के अलग–अलग राज्यों से करीब पांच सौ खिलाड़ी शामिल होंगे।

**********

मौसम के बदले मिजाज ने अब ठंड की आहट दे दी है। कल से शुरू धुंध और हल्के कोहरे का सिलसिला आज सुबह भी जारी रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दिनों में शुष्क मौसम के कारण तापमान में गिरावट बनी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ ने अनुमान जताया है कि कल सुबह पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाने की सम्भावना है।

**********